अव्यवस्था | कहीं चालू तो कहीं पड़े बंद

# गर्मी में सूखे फव्वारे बने शोपीस





**जबलपुर, नवभारत।** शहर में बढ़ती गर्मी के बीच जहां एक ओर लोगों को ठंडक और सुकून की जरूरत है, वहीं दूसरी ओर शहर के प्रमुख चौराहों पर लगे फव्वारे अपनी उपयोगिता खोते नजर आ रहे हैं। बता दे कि नगर के ज्यादातर फव्वारे या तो पूरी तरह बंद पड़े हैं या फिर केवल शाम के समय ही चालू किए जाते हैं, जिससे दिन में राहगीरों को किसी प्रकार की राहत नहीं मिल पा रही। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि रसल चौक स्थित राजीव गांधी चौक का फव्वारा सिर्फ दिखावे के लिए रह गया है। यहां से गुजरने वाले नागरिकों के अनुसार यह फव्वारा शायद ही कभी चालू होता हो, जिससे इसकी मौजूदगी केवल शोपीस जैसी लगती है।

### सबसे सुंदर है फव्वारा

मालूम हो कि दूसरी ओर महर्षि दयानंद चौक का फव्वारा समय पर नियमित रूप से चालू किया जाता है। यह न केवल दिन में बल्कि रात के समय भी चलता रहता है, जिससे आसपास का वातावरण ठंडा और आकर्षक बना रहता है। यह व्यवस्था अन्य स्थानों के लिए भी उदाहरण बन सकती है। इसी तरह शहर की छोटी लाइन चौराहा स्थित फव्वारा लोगों के बीच खासा लोकप्रिय है। यहां हरियाली के बीच स्थित फव्वारा न सिर्फ सुंदरता को बढ़ाता है, बल्कि लोगों को गर्मी से कुछ राहत भी देता है। स्थानीय नागरिकों ने इसे शहर का सबसे सुंदर और व्यवस्थित फव्वारा बताया। वही विशेषज्ञों का मानना है कि फव्वारे न केवल शहर की सुंदरता बढ़ाते हैं, बल्कि वातावरण को ठंडा रखने में भी मददगार होते हैं। ऐसे में गर्मी के इस मौसम में इनका नियमित संचालन बेहद जरूरी हो जाता है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन शहर के अन्य बंद पड़े फव्वारों को कब तक चालू कर पाता है, ताकि आमजन को गर्मी से राहत मिल सके और शहर की खूबसूरती भी बरकरार रहे।

### इनका कहना है



महर्षि दयानंद चौक पर फव्वारे हमेशा चालू रहता है। गर्मी में इससे आसपास ठंडक बनी रहती है और लोगों को काफी राहत मिलती है।

**सतेंद्र राय**



राजीव गांधी चौक पर लगा फव्वारा दिनभर बंद रहता है। गर्मी के बावजूद केवल शाम को कभी कभी थोड़ी देर चालू होता है, जिससे कोई खास राहत नहीं मिलती।

**हर्षित दुबे**

# शिकायतों का निराकरण करें, लापरवाही नहीं बरतें : डीआईजी

**बोले : अधिकारी स्वयं सुनवाई कर निकाल करायें समीक्षा करें, कैंप लगायें**



**जबलपुर।** प्रतिदिन सीएम हेल्प लाइन से संबंधित शिकायतों की समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी स्वयं समीक्षा करते हुए शिकायतकर्ता से चर्चा करें एवं उनकी जो भी शिकायत है वैधानिक कार्यवाही करते हुए शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निकाल करें। शिकायतकर्ता को की गई कार्यवाही से अवगत करायें। शिकायतों की सुनवाई के लिए अनुभाग के किसी भी एक थाने में कैंप लगायें, एवं लंबित शिकायतों की स्वयं सुनवाई करते हुये शीघ्र निकाल करायें। किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न बरती जाये। यह बातें पुलिस उप महानिरीक्षक अतुल सिंह ने कन्ट्रोल रूम में बुधवार को जिले में पदस्थ समस्त राजपत्रित एवं थाना प्रभारियों की बैठक लेते हुए कहीं। साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय की मौजूदगी में हुई बैठक में डीआईजी ने कहा कि अपहृत बालक, बालिकाओं की तलाश के लिए टीमें जानकारी मिलने पर तुरंत भेजे और दस्तयाबी के हर संभव प्रयास किए जाएं।

**महिलाओं की बैठकें लें, समस्याएं जानें**

डीआईजी अुतल सिंह ने कहा कि पीडित महिलाओं को अपराध से सुरक्षा देने के लिये कई कानूनी प्रावधान एवं संस्थायें बनायी गयी हैं, कई पीडित महिलाओं को पूरी तरह से सुरक्षा और राहत नहीं मिल पाती, क्योंकि इन सभी प्रक्रियाओं तक पहुंच पाना महिला के लिये अत्यंत कठिन कार्य होता है, इसके अतिरिक्त यदि पीडित महिला पुलिस से मदद लेती है तो उस पर परिवार एवं समाज दबाव डालता है, जिसकी वजह से सहायता प्राप्त करना और अधिक मुशकिल हो जाता है इन्हीं सब समस्याओं को देखते हुये उर्जा हैल्प डैस्क के माध्यम से महिलाओं की समस्याओं तक पहुंचे का प्रयास है। गॉव एवं मोहल्ले में महिलाओं की बैठकें लें, चर्चा कर उनकी समस्याओं को जानें एवं ऐसी महिलायें जो हैल्पिंग नेचर की हैं, उन्हें चिन्हित करते हुये उनका सहयोग लें। बैठक में एएसपी शहर आयुष गुप्ता, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, एएसपी यातायात सुश्री अंजना तिवारी ,एवं समस्त नगर पुलिस अधीक्षक, थाना प्रभारी उपस्थित थे।

# डिफेंस सेक्टर में निवेश की संभावनाओं पर हुई चर्चा

**'कॉफी विद एक्सपर्ट्स' कार्यक्रम में जबलपुर को डिफेंस क्लस्टर के रूप में विकसित करने विचार विमर्श**



**नवभारत, जबलपुर।** कलेक्टर कार्यालय स्थित निवेश प्रोत्साहन केंद्र में 'कॉफी विद एक्सपर्ट्स' के 12वें आयोजन में डिफेंस सेक्टर में निवेश की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में जबलपुर में डिफेंस क्लस्टर की स्थापना, तकनीकी विकास, एमएसएमई की भागीदारी एवं रोजगार सृजन पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक अनिल कुमार राठौर, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक विनीत रजक सहित उद्योगपति गौरव अग्रवाल, अनुराग सक्सेरिया, सौरभ सक्सेरिया एवं प्रवीण शर्मा उपस्थित रहे। व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर के पूर्व मुख्य महाप्रबंधक संजय भोला ने डिफेंस सेक्टर से जुड़ी संभावनाओं और संसाधनों पर मार्गदर्शन दिया। साथ ही एआई और रोबोटिक्स आधारित स्टार्टअप के अवसरों पर भी चर्चा की गई।

## मॉडल स्कूल में कक्षा 6वीं प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया 17 को

**नवभारत, जबलपुर।** पंडित लज्जा शंकर झा शासकीय मॉडल उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम माध्यमिक विद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश चयन प्रक्रिया 17 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। विद्यालय प्राचार्य के अनुसार यह चयन प्रक्रिया सुबह 10:30 बजे से एसडीएम राँझी श्रीमती मोनिका बाघमारे की मौजूदगी में लॉटरी पद्धति से प्रेक्षा भवन में होगी। प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए 19 सदस्यीय समिति गठित की गई है, जिसमें विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि शामिल रहेंगे।

# रांझी के चन्द्रशेखर आजाद वार्ड में चला स्वच्छता अभियान

**नवभारत, जबलपुर।** भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा संचालित स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के अंतर्गत संस्कारधानी जबलपुर को स्वच्छता के शिखर पर पहुँचाने के प्रयासों ने अब जन-आंदोलन का रूप ले लिया है। इसी कड़ी में बुधवार को चन्द्रशेखर आजाद वार्ड रांझी में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार एवं एम. आई. सी. सदस्य एवं वार्ड पार्षद दामोदर सोनी के नेतृत्व में एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान पार्षद ने स्वयं झाड़ू थामकर वार्ड की मुख्य सड़कों और सार्वजनिक स्थानों की सफाई कर नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान की सबसे बड़ी शक्ति स्थानीय नागरिक रहे। वार्ड के सैकड़ों निवासियों, युवाओं और वरिष्ठ जनों ने स्वत: गलियों और नालियों की सफाई में अपना श्रमदान दिया।



### स्वच्छता की शपथ के साथ समापन

अभियान के अंत में सभी उपस्थित जनों को शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।

नगर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा वार्ड में कीटनाशक दवा का छिड़काव और डस्टबिन के सही उपयोग के बारे में डेमो भी दिया गया। इस दौरान नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक एवं वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**महिला पार्षद की अगुवाई में चला अभियान**

महर्षि अरविंद वार्ड में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार एवं क्षेत्रीय पार्षद अनीता जाट के नेतृत्व में एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। पार्षद ने स्वयं झाड़ू थामकर वार्ड की मुख्य सड़कों और सार्वजनिक स्थानों की सफाई कर नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया।

## एक नजर में



### पकड़ा गया शातिर मोबाइल चोर

**जबलपुर, नवभारत।** पुलिस अधीक्षक रेल सिमाला प्रसाद के निर्देशन मे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल भावना मरावी व पुलिस उप अधीक्षक रेल अंकिता सुल्या जबलपुर के मार्गदर्शन मे अपराधियों की धरपकड एवं अपराधों की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य मे बुधवार को जीआरपी ने आरोपी इमरान अली पिता हासिम अली उम्र 28 साल निवासी बेनी सिंह की तलैया चार खंभा, थाना गोहलपुर, जबलपुर को पकडा जिसके कब्जे से एप्पल कंपनी का मोबाइल जिसकी कीमत 26 हजार के आसपास थी, को जब्त किया गया। बताया गया कि आरोपी चोरी करने का आदतन अपराधी है जिसके विरूद्द थाना गोहलपुर में भी चार मामले पंजीबद्ध हैं। कार्यवाही मे जीआरपी थाना जबलपुर से संजीवनी राजपूत, बीसी उद्दे, रविकांत रजक, परसुराम यादव, गोपाल सिंह का उल्लेखनीय योगदान रहा।



### ग्राम निगरी में आंगनबाड़ी केंद्र का शुभारंभ

नवभारत, जबलपुर। जबलपुर विकासखंड के ग्राम निगरी में आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक तीन का उद्घाटन विधायक नीरज सिंह ठाकुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर पोषण पखवाड़ा एवं नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम पर चर्चा की गई। साथ ही कुपोषण से सामान्य श्रेणी में आए एक बच्चे के सुधार पर श्रीमती आरती का सम्मान भी किया गया।

### मेधावी विद्यार्थियों का आज होगा सम्मान

**नवभारत, जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं की राज्य एवं जिला स्तरीय मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले जिले के विद्यार्थियों का आज सम्मान किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अनुसार यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे शासकीय मॉडल स्कूल, जबलपुर के वर्चुअल हॉल में होगा, जिसमें सभी मेधावी विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाएगा।

### अधिवक्ताओं ने शोकसभा के स्थान पर भावांजलि का निर्णय लिया



**जबलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ ने दिवंगत अधिवक्ता बृजेश वर्मा की अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए जिला अदालत में शोकसभा का आयोजन नहीं किया। ऐसा इसलिए ताकि न्यायिक कार्य का कीमती समय खराब न हो। वकीलों ने वैकल्पिक रूप से स्व. जमुना प्रसाद अग्रवाल सभागार में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कृष्णमूर्ति मिश्रा व जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा की उपस्थिति में भावांजली सभा का आयोजन किया इस दौरान जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने घोषणा की कि उनकी मृत्यु पर भी शोकसभा आयोजित न की जाए। इस दौरान जिला बार सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, उपाध्यक्ष मनोज तिवारी, महिला उपाध्यक्ष ज्योति राय, सह सचिव मनोज शिवहरे, कोषाध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा, लायब्रेरी सचिव शैलेन्द्र यादव, कार्यकारिणी सदस्य रविन्द्र दत्त, सुदीप सिंह सैनी, प्रशांत नायक, अनुभव शर्मा, अर्जुन साहू, दुर्गेश मनाना, मनोज तिवारी सहित अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# शराब दुकान के खिलाफ शिवसेना करेगी तालाबंदी

**स्कूल के पास दुकान होने के विरोध में उग्र आंदोलन की तैयारी**

**नवभारत, जबलपुर।** शिवसेना जबलपुर महानगर ने संजीवनी नगर स्थित शराब दुकान के खिलाफ बड़ा विरोध दर्ज कराते हुए आज गुरुवार को तालाबंदी करने का ऐलान किया है। संगठन का कहना है कि यह शराब दुकान स्कूल के बिल्कुल पास स्थित है, जिससे बच्चों की सुरक्षा और उनके मानसिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। शिवसेना महानगर प्रमुख मुकेश सराठे ने बताया कि इस संबंध में 8 अप्रैल 2026 को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर स्थिति से अवगत कराया गया था। आरोप है कि दुकान के आसपास शराबियों द्वारा सड़क पर हंगामा, गाली-गलौज और गिरने-पड़ने जैसी घटनाएं आम हो गई हैं, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। शिवसेना ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द दुकान को स्थानांतरित नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। इस आंदोलन में शिवसेना के राज्य उप प्रमुख शैलेंद्र बारी, महानगर प्रमुख मुकेश सराठे, जिला प्रमुख सुजीत पटेल, गजानंद गुप्ता, विजय गोटिया, असीम दुबे, लल्लू साहू, अजय विजय पटेल, विकास सराठे, राकेश सोनकर, कुलदीप, पार्थ, नीरज महाराज सहित समस्त शिवसैनिक एवं क्षेत्रीय नागरिक शामिल होंगे।

## स्कूल और यार्ड में हुई चोरी

**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत धनपुरी स्थित स्कूल में चोरों ने धावा बोलते हुए 10 कम्प्यूटर पार कर दिया। वहीं अधारताल में एक कंपनी के यार्ड से 67 बैटरियां चोरी हो गई। बरेला पुलिस ने बताया कि बुधवार शाम स्वाति व्यास ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला ग्राम धनपुरी की प्रभारी प्राचार्य है। चोरों ने स्कूल की आईसीटी लेब का ताला तोड़कर 10 कम्प्यूटर, 10 सीपीयू, 10 कीबोर्ड, 10 माउस, कैमरा सेटअप, हार्ड डिस्क समेत अन्य सामान लगभग 3 लाख 90 रूपये का पार कर दिया। इ सी प्रकार अधारताल थाने में धर्मेन्द्र कुमार पटेल 30 वर्ष निवासी शिवाजी वार्ड पनागर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह श्रीराम आटो मॉल इंडिया लिमिटेड कम्पनी में अप्रेल 2025 से यार्ड का प्रभारी है यार्ड में कम्पनी द्वारा फायनेंश गाड़ी जिसे किस्त चुकता न करने के कारण विभिन्न बैंकों द्वारा वाहनों स्विज कर यार्ड कर यार्ड में रखा जाता है। यार्ड में रखे वाहनों को चैक करने पर 24 वाहनों से कुल 67 बेटरी गायब मिली। सीसीटीव्ही में एक व्यक्ति चोरी करते नजर आ रहा है।



## हाईवे पर नो-पार्किंग में खड़े भारी वाहनों पर कार्रवाई

**नवभारत, जबलपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-34 पर नो-पार्किंग में अवैध रूप से खड़े भारी वाहनों के कारण लगातार जाम और सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति उत्पन्न होने पर यातायात पुलिस जबलपुर द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर एनएचएआई टीम के साथ मिलकर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) सुश्री अंजना तिवारी के मार्गदर्शन में अधंमुख एवं लम्हेटा बाईपास क्षेत्र में संयुक्त रूप से सघन चेकिंग की गई। इस दौरान नो-पार्किंग में खड़े पाए गए भारी वाहनों पर कार्रवाई करते हुए लगभग 13 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई तथा सभी वाहनों को मौके से हटवाया गया। अभियान के दौरान यातायात थाना प्रभारी गढ़ा इंद्रा ठाकुर, सूबेदार मनीष पयासी सहित यातायात पुलिस का अन्य स्टाफ एवं एनएचएआई टीम मौजूद रही।

### युवक ने लगाई फांसी

**जबलपुर।** गोराबाजार थाना अंतर्गत पुरानी बस्ती कजरवा में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक धरमदास चौधरी 43 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती कजरवारा ने सूचना दी कि उसकी छोटी बहन रजनी बाई चोधरी की शादी थाना माढ़ोताल क्षेत्र के ग्राम आगासौद निवासी सुरेन्द्र कुमार चौधरी के साथ लगभग 15 वर्ष पहले हुयी थी उसके बहनोई एवं बहन अपने बच्चों के साथ लगभग 10 वर्ष से उसके घर कजरवारा में रहते हैं बहनोई सुरेन्द्र चौधरी मजदूरी करता था। उसकी बहन रजनी बाई सुबह 6 बजे काम पर चली गयी थी वह अपने कमरे में था शाम लगभग 4 बजे बहन काम करके घर आयी मकान में देखी और बतायी कि बहनोई सुरेन्द्र चौधरी ने हाल की छत में लगे लोहे के पाईप में साड़ी से फांसी लगा ली है वह जाकर देखा तो उसका बहनोई सुरेन्द्र चौधरी 40 वर्ष फांसी पर लटका था जिसकी मौत हो चुकी थी।

# बेटी पैदा होने पर ताने, दहेज में पांच लाख की डिमांड से परेशान थी महिला

**प्रतिभा सुसाइड प्रकरण पति-सास, जेठ पर एफआईआर दर्ज**

**जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत तिवारी खेड़ा निवासी प्रतिभा पटेल (30) ने ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से तंग आकर मौत को गले लगाया था। मर्ग जांच में यह बात सामने आई कि बेटी पैदा होने पर उसे ताने मारे जाते है साथ ही दहेज में पांच लाख की डिमांड की जाती थी इसके चलते उसने जहर का सेवन कर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने मृतिका के पति, सास और जेठ के खिलाफ दहेज हत्या और प्रताड़ना की धाराओं में मामला दर्ज किया है।

नगर पुलिस अधीक्षक अधारताल सुश्री राजेश्वरी कौरव ने बताया कि प्रतिभा का विवाह 4 मई 2023 को ग्राम तिवारी खेड़ा निवासी विपिन पटेल के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। विवाह के समय परिजनों ने अपनी क्षमता अनुसार गृहस्थी का सामान और 1.50 लाख रुपये नकद दिए थे। लेकिन सुखद वैवाहिक जीवन का सपना जल्द ही टूट गया। मृतिका के मायके पक्ष ने पुलिस को दिए बयानों में बताया कि प्रतिभा ने जब एक बेटी को जन्म दिया, तो उसकी सास मीना पटेल का व्यवहार पूरी तरह बदल गया। सास अक्सर बेटा नहीं होने को लेकर प्रतिभा को मानसिक रूप से प्रताड़ित करती थी। वहीं, अविवाहित जेठ नीरज पटेल भी आए दिन प्रतिभा के साथ अभद्रता करता था।

परिजनों के अनुसार पति विपिन पटेल ने घर बनवाने के नाम पर पैसों की मांग की, जिस पर प्रतिभा के पिता ने उसे 5 लाख रुपये नकद दिए। इसके बावजूद ससुराल पक्ष की लालच कम नहीं हुई। सास मीना पटेल लगातार सोने के हार और नए डिजाइन के जेवरात की मांग कर रही थी। मृतिका ने आत्महत्या जैसा आत्मघाती कदम उठाने से पहले 26 मार्च को अपने मायके फोन कर बताया था कि उसके पति विपिन, सास मीना और जेठ नीरज ने उसके साथ जमकर झगड़ा कर प्रताड़ना दी। इसी मानसिक तनाव में आकर प्रतिभा ने जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया था 27 मार्च की सुबह निजीअस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। मर्ग जांच और परिजनों के बयानों के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति विपिन पटेल, सास मीना पटेल और जेठ नीरज पटेल के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।


नवाचार | अवैध कब्जे की जगह अब सज रहे हैं नेकी के केंद्र, खिलौना बैंक, बर्तन बैंक ,पुस्तक बैंक ,थैला बैंक बनेंगे उदाहरण

# गौरीघाट का आरआरआर बनेगा आकर्षण का केंद्र

**नवभारत, जबलपुर।** निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देश पर गौरीघाट क्षेत्र को व्यवस्थित और सुंदर बनाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। जिस स्थान पर दो महीने पहले तक अव्यवस्थित और अवैध कब्जे थे, वहां अब नगर निगम एक भव्य और आकर्षक केंद्र रिड्यूस, रियूज और रिसाईकिल का निर्माण कर रहा है। यह पहल न केवल स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर की रैंकिंग सुधारेगी, बल्कि नागरिकों के लिए 'सेवा और सुविधा' का संगम भी बनेगी।

### खास होगा 3 आरआरआर केंद्र

इस केंद्र को केवल एक स्टोर की तरह नहीं, बल्कि एक 'सोशल बैंक' के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहाँ प्रमुख रूप से खिलौना बैंक सक्षम परिवारों द्वारा दिए गए पुराने खिलौने यहाँ जमा होंगे, जिन्हें जरूरतमंद बच्चों को वितरित किया जाएगा। बर्तन बैंक एकल उपयोग वाले प्लास्टिक को कम करने के लिए यहाँ से आयोजनों हेतु बर्तन उपलब्ध कराए जाएंगे। पुस्तक बैंक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए छात्र यहाँ अपनी पुरानी किताबें दान कर सकेंगे और जरूरतमंद विद्यार्थी उन्हें ले सकेंगे। थैला बैंक नर्मदा तट को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए यहाँ कपड़े के थैले उपलब्ध होंगे।






### श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधा

घाटों पर पूजन सामग्री की दुकानें अव्यवस्थित होने से जाम की स्थिति बनती थी। अब नए प्लान के तहत श्रद्धालुओं को एक ही छत के निचे गार्बेज फ्री और व्यवस्थित तरीके से पूजन सामग्री मिल सकेगी। इससे स्थानीय विक्रेताओं को व्यवस्थित स्थान मिलने से उनकी आजीविका भी सुधरेगी और घाट की सुंदरता भी बनी रहेगी।

### श्रमिक की संदिग्ध मौत

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अंतर्गत नई बस्ती भड़पुरा में एक श्रमिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक बुधवार को राजेन्द्र यादव 35 वर्ष निवासी नई बस्ती भड़पुरा ने सूचना दी कि वह ठेकेदार है। कालमुखी जिला खंडवा निवासी राधेश्याम बारे से उसकी पुरानी पहचान है वो भी मजदूरी का काम करता था रात में हम सभी खाना खाकर सो गये थे। सुबह लगभग 7 बजे उठकर राधेश्याम बारे 27 वर्ष को उठाया जो नहीं उठा जिसे देखा सांसे नहीं चल रहीं थी उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने पहुंचकर मर्ग कायम किया। मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।